# आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किया जाए : सीईओ

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 19 अगस्त. मंगलवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं।**

**जिला पंचायत सीईओ ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

**ग्रामसभा आयोजित न होने की शिकायत भी आई**



इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ श्री अक्षत जैन ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम खेड़ली निवासी कृष्ण पाल चौहान ने ग्राम पंचायत में ग्राम सभा आयोजित नहीं किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। खंजनपुर निवासी अरविंद मालवीय ने बकाया वेतन दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने श्रम विभाग के अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी प्रमोद कुमार अवस्थी ने मुआवजा वितरण के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम सोमारी निवासी काशी बाई ने रास्ते के विवाद को लेकर शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने रास्ते विवाद का निराकरण किए जाने के निर्देश बैतूल तहसीलदार को दिए। किला खंडारा निवासी बिमल ने केसीसी पर खाद एवं लोन संबंधी जानकारी दिए जाने के लिए आवेदन दिया। सीईओ ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## लोन संबंधी जानकारी दिए जाने की मांग

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम लाखापुर निवासी नविंद्र यादव ने आवेदन के माध्यम से शासकीय मार्ग को अनावेदक द्वारा जेसीबी से खोदकर आवागमन अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर रास्ते के विवाद का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के बाजपुर निवासी संतोष रावत ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की निराकरण के निर्देश दिए।

## अवैध कॉलोनी निर्माण की जांच के दिए निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई निवासी कमलेश डहारे ने जॉइनिंग से संबंधित शिकायत का निरीक्षण शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने शिक्षा विभाग के डीईओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के बीरूल बाजार निवासी बाबूराव ने अवैध कॉलोनी निर्माण को लेकर शिकायती आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम डोडावानी निवासी गोवर्धन ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने आमला तहसीलदार को सिविल न्यायालय के आदेश का अवलोकन कर अग्रिम कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम किला खंडारा निवासी भुनेश्वरी राठौर ने आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने महिला बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच का निराकरण के निर्देश दिए।

## विश्व मच्छर दिवस 20 को

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े बताया कि प्रतिवर्ष 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। मच्छरों के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि रोग होते हैं। इन रोगों से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव आवश्यक है। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें, यदि पानी जमा है तो उसकी निकासी करवाएं। निकासी सम्भव न हो तो रुके हुए पानी पर मिट्टी के तेल या जले ऑइल का छिड़काव करें। मच्छरों से बचने के लिए पूरी बांह के कपडे पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, खिड़की दरवाजों पर मच्छररोधी जाली लगवाएं, मच्छरों को भगाने वाली क्वाईल, क्रीम एवं रिपेलेन्ट लिक्विड का उपयोग करें एवं मच्छरों को मारने के लिए इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल करें, पानी को एक सप्ताह से अधिक भरकर न रखें।

## एक नजर में

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, एक गंभीर

**बैतूल।** इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर सोमवार रात कन्नौद श्मशान घाट के पास कार और डंपर में सीधी टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि परिवार के मुखिया गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार बैतूल जिले के चिचोली तहसील के चिरा पाटला गांव के रहने वाले थे। ये लोग इंदौर से अपने गांव वापस लौट रहे थे। मृतकों की पहचान लक्ष्मी आर्य और उनके बेटे चेतन आर्य के रूप में हुई हैं, वहीं कार चला रहे प्रमोद आर्य को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। आसपास के लोगों ने फौरन कार के दरवाजे काटकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि लोग तुरंत घटना स्थल की ओर दौड़े। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मध्यांह भोजन बनाने वाली महिलाओं को नहीं मिला वेतन

**भौंरा।** शासकीय शालाओं में भोजन बनाने वाली रसोइया महिलाएं वेतन के लिए लगभग 2 माह से परेशान हैं। परन्तु आज दिनांक तक भी उन्हें वेतन नहीं मिला। संजय जगताप ने बताया कि इस संबंध में जब शासन के अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि हमने तो वेतन के सभी कार्य कर उच्च कार्यालयों को भेज दिया है। अब ना जाने कब आएगा वेतन। इस संबंध में महिला रसोइया खुलकर सामने आने में डर रही थी कि हमारा नाम आ जाएगा तो वह हमें काम से निकाल देंगे। एक स्कूल का यह हाल नहीं है, लगभग सभी स्कूलों में वेतन की यही स्थिति नजर आ रही हैं। शासन के अधिकारियों का ध्यान भी इस ओर नहीं जा रहा है।

### कर्मचारियों ने मृत कर्मचारी को दी श्रद्धांजलि

मुलताई। नगर पालिका मुलताई में पदस्थ पंप अपडेंट राजेश परते के आकस्मिक निधन के बाद सोमवार को नगरपालिका कार्यालय परिसर में मंगलवार को नपा कर्मचारियों ने दो मिनिट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। राजेश परते नगरपालिका में बीते 2003 से कार्यरत थे, जिनका कार्य उत्तम एवं सराहनीय था।

# भड़ंगा नदी में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, नदी में फंसे 3 युवक को बचाया

**बैतूल। चोपना थाना क्षेत्र में भड़ंगा नदी में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे बटकीडोह और नारायणपुर के बीच भड़ंगा नदी के रपटे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पानी के तेज बहाव में पलट गई।**

**पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर किया रेस्क्यू**

**2 युवक तैरकर आ गए थे बाहर**



ट्रैक्टर में सवार 5 युवकों में से 2 तैरकर बाहर निकल आए, जबकि 3 युवक नदी के बीच फंस गए। डायल-100 को सूचना मिलते ही चोपना टीआई नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी निश्चल झारिया के निर्देश और एसडीओपी सारणी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से सुरक्षा उपकरण और रस्सियों का उपयोग कर नदी के बीच करीब 30 मीटर दूर चट्टान तक पहुंचकर तीनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

सभी युवक ग्राम गुवाड़ी के रहने वाले हैं। वे सुरेश उइके, आदित्य उइके, आयुष उइके, पीयूष उइके और शर्मा भलावी हैं। युवक अपने पिता की रिटायरमेंट के बाद घर का सामान सारणी से ले जा रहे थे। रात के समय पानी के तेज बहाव का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण दुर्घटना हो गई। बचाव कार्य में निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार, सउनि विनोद इवने, आरक्षक विवेक, सुरेंद्र, प्रवेश और डायल-100 चालक गोविंद शामिल थे। ग्रामीणों में रामप्रसाद मंडल, श्रीवास सिकदार, चित्तरंजन सिकदार, दिलीप घरामी, आरती सिकदार और भगवती सिकदार ने मदद की।

# मुलताई में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**मुलताई।** युवक कांग्रेस ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर एसडीएम को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार आर के उइके को ज्ञापन देकर रेल्वे स्टेशन मुलताई में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की मांग की। भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया वर्षों से मुलताई नगर में ट्रेनों के ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने से क्षेत्रवासियो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों के स्टापेज को नगर सहित क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। इससे पहले भी संगठनों के माध्यम से रेल रोकने हेतु आवेदन प्रेषित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसी भी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं मिल पाया है। मुलताई एक पवित्र नगरी है यहां से क्षेत्र की जनता खाटू श्याम, जगन्नाथपुरी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, उज्जैन आदि तीर्थ धामों के दर्शन करने बडी संख्या में जाते है, लेकिन ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने के कारण अन्यत्र स्टेशन पर पहुँचकर ट्रेन पकड़ना पड़ता है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। युवक कांग्रेस ने मुलताई रेल्वे स्टेशन पर जल्द से जल्द ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



# मोरडोंगरी ने दही हांडी फोड़कर जीता 11 हजार 111 का पुरस्कार

**मुलताई।** पवित्र नगरी में फव्वारा चौक पर जन्माष्टमी एवं विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद द्वारा सोमवार रात्रि में दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे गोंडवाना टायगर्स ग्रुप मोरडोंगरी, श्रीगणेश उत्सव समिति आमला, बजरंगी और गौ पुत्र मुलताई की टीम शामिल हुई। इस दौरान सभी टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आयोजको द्वारा दही मटकी की 25 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई। जिसमें गोंडवाना टाइगर मोरडोंगरी की टीम मटकी फोड़कर विजेता बनी। जिसे बजरंग दल मुलतापी समिति द्वारा 11 हजार 111 रुपए के नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगरवासियों ने जयकारे लगाकर एवं तालिया बजाकर विजेता टीम का स्वागत किया। बजरंग दल मुलतापी ने सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विजेता टीम को विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष उदय जोशी, नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, नगरमंडल अध्यक्ष गणेश साहू, उपेंद्र पाठक एवं बजंरग दल मुलतापी द्वारा विजेता टीम को उपहार राशि प्रदत्त की। आयोजक बजंरग दल मुलताई के जिला सयोंजक ऋषि साहू, गौरक्षक महेंद्र साहू, गगन साहू बजरंगी, उपेन्द्र पाठक फैन्स क्लब के युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय सक्रियकरण प्रशिक्षण आयोजित

**भैंसदेही।** भैंसदही में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय सक्रियकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में नवांकुर/प्रस्फुटन समितियों और सी एम सी एलडीपी के विद्यार्थियों को मिट्टी से भगवान गणेश की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक आशीष प्रजापति क्राफ्ट शिक्षक ने सभी प्रतिभागियों को सुंदर ढंग से मूर्ति बनाना सिखाया। इस अवसर पर संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी, विकास खंड समन्वयक विकाश कुमारे, जिला पंचायत सदस्य राजा ठाकुर, गुलाबराव सेलकरी, राहुल चढ़ोकार नवांकुर विकास खंड स्तरीय समिति प्रस्फुटन अध्यक्ष/सचिव और समस्त मेंटर्स उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और गणेश चतुर्थी पर्व पर जन-जन को पवित्र माटी और गौमाता के गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इससे जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनी रहेगी और प्राकृतिक संतुलन भी अक्षुण्ण रहेगा। इस कार्यक्रम में भैंसदही नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष दीपक जैन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# फसल बीमा की मांग, कलेक्टर को जनसुनवाई में दिया आवेदन

**भैंसदेही।** भैंसदेही तहसील के ग्राम कालडोंगरी, ग्राम गायखाम, ग्राम निपान्या, ग्राम कोयलारी, ग्राम पंचायत कालडोंगरी व ग्राम पंचायत निपान्या के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों ने कलेक्टर महोदय जी को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने वर्ष 2021-2022 एवं 2023-2024 तक का फसल बीमा दिलवाने की मांग की है। इन गाँवों के किसान सिंगल बारिश की फसलों पर निर्भर हैं और उनकी जमीन अधित्क बर्रा और टेकडा पहाड़ो पर है, जो उपजाऊ में अन्य गावो की अपेक्षा में बहुत कम उपजाऊ है। इसलिए, उन्हें फसल बीमा की आवश्यकता है ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। ज्ञापन में कहा गया है कि इन गाँवों के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को वर्ष 2021-2022 एवं 2023-2024 तक का फसल बीमा आज दिनों तक नहीं मिला है। इसलिए, श्रीमान कलेक्टर से निवेदन है कि इन गाँवों के किसानों को फसल बीमा राशि दिलवाने की कृपा करें। इन गाँवों के किसानों को उम्मीद है कि श्रीमान कलेक्टर महोदय जी उनकी मांग पर ध्यान देंगे और उन्हें फसल बीमा राशि दिलवाने में मदद करेंगे। इससे उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करने में मदद मिलेगी।

# जनप्रतिनिधियों ने किया जर्जर स्कूल का निरीक्षण

**शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुवाड़ी में एकीकृत प्राथमिक शाला गुवाड़ी का भवन जर्जर हो चुका है। जिसकी शिकायत पर ग्राम सभा की मीटिंग के पश्चात सरपंच उपसरपंच, सचिव, सहायक सचिव, पंच एवं अभिभावकों जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा स्कूल भवन का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि स्कूल भवन की दीवार एवं छत गिरने की आशंका है बारिश के पानी से छत टपकने एवं जमीन धसने की शिकायत की गई शिक्षक कमल बारस्कर द्वारा बताया गया है कि इससे पहले भी यह घटना हो चुकी है जो कि शिक्षकों के द्वारा मरम्मत की गई। अब भवन ज्यादा जर्जर हो चुका है। जिसकी शिकायत पर सभी जनप्रतिनिधि गण एवं अभिभावक निरीक्षण के लिए तुरंत शाला भवन पहुंचे। भवन की जमीन 8 इंच तक धसी एवं छत भी गिर रही हैं। दीवार की भी गिरने की आशंका है। जिससे पिछले कुछ दिनों पहले राजस्थान के झालावाड़ की घटना में सब को चिंता में डाल दिया। यही घटना गुवाड़ी में ना हो इसको लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं बीआरसी शिक्षा विभाग को शिकायत की गई है।



# जनपद पंचायत भैंसदेही में सम्मान समारोह का आयोजन

**भैंसदेही। जनपद पंचायत भैंसदेही में पंचायत सूचकांक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव और सहायक सचिव को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

**कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी भी रहे मौजूद**

**प्रथम स्थान पर रही पोहर पंचायत**



इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैंसदेही उपस्थित थे। जनपद पंचायत भैंसदेही की 10 ग्राम पंचायतों ने पंचायत उन्नति सूचकांक में अग्रसर होकर प्रथम से दसवें स्थान तक प्राप्त किया। इन ग्राम पंचायतों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें पोहर (प्रथम स्थान), धार (द्वितीय स्थान), कौथलकुंड (तृतीय स्थान), विजयग्राम (चौथा स्थान), पिपरिया (पांचवां स्थान), पीपलानकला (छठा स्थान), घुघरी (सातवां स्थान), धावा (आठवां स्थान), मच्छी (नौवां स्थान), थपोड़ा (दसवां स्थान) पर रही। सम्मान समारोह का आयोजन पंचायतराज अभिकरण, मलताई द्वारा किया गया था। इस अवसर पर जनपद पंचायत भैंसदेही के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इन ग्राम पंचायतों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है, जो पंचायत उन्नति सूचकांक में उनकी रैंकिंग के आधार पर दिया गया है। यह सम्मान ग्राम पंचायतों को उनके कार्यों में और अधिक सुधार करने के लिए प्रेरित करेगा।

# श्वेतांबर जैन समाज का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण आज से

**बैतूल।** श्वेतांबर जैन समाज का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण आज 20 अगस्त को सुबह 9 बजे आरंभ होगा और इसका समापन 27 अगस्त को संवत्सरी पर्व के साथ होगा। इस वर्ष विशेषता यह है कि स्थानकवासी और मंदिरमार्गी दोनों संप्रदाय मिलकर एक साथ पर्यूषण पर्व मना रहे हैं, जिससे आयोजन की भव्यता और अधिक बढ़ गई है। संघ के प्रचार मंत्री सतीश पारख ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 6 बजे प्रार्थना के साथ दिन की शुरुआत होगी। सुबह 6.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक नवकार मंत्र का अखंड जाप चलेगा, जिसके बाद प्रतिक्रमण होगा। सुबह 8.15 बजे अंतगढ़ सूत्र का वाचन होगा और 9 बजे से प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे धार्मिक अध्ययन और उसके बाद महामांगलिक होगा। रात 8 बजे धर्म चर्चा का आयोजन होगा। इस वर्ष अंतगढ़ सूत्र वाचन हेतु करही, मध्यप्रदेश से शिखरचंद छाजेड़ और इंदौर से विमलचंद तातेड़ विशेष रूप से बैतूल आ रहे हैं। दोनों ही विद्वान प्रतिदिन अंतगढ़ सूत्र का वाचन कर श्रद्धालुओं को धर्ममय वातावरण में प्रवाहित करेंगे। पर्यूषण पर्व को आत्मशुद्धि और संयम का पर्व माना जाता है। इस दौरान समाज के श्रावक-श्राविकाएं हरी सब्जियों का सेवन नहीं करते और अलग-अलग प्रकार के तप व्रत का पालन करते हैं। कई श्रद्धालु उपवास, अष्टमी, नवमी, आयंबिल, एकासन और विविध कठिन तप करके आत्मकल्याण की साधना करते हैं।


नवभारत समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करे।
उमाकांत शर्मा, बैतूल मो. 9424009999

क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग
2 अगस्त से भव्य शुभारंभ मेला सह प्रदर्शनी
हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट और गृह उपयोगी वस्तुये
EXPO सुनहरा अवसर
एंट्री/पार्किंग फ्री
TIME 10 AM TO 10 PM
30,000 विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे
भव्य प्रदर्शन व बिक्री
महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मिर, नागालैंड, आसाम, छत्तीसगढ़, तामिलनाडू, हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, आंध्रप्रदेश एवं अन्य सभी राज्यों की गृह उपयोगी वस्तु भरपूर स्टॉक में उपलब्ध है।
स्थान न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें
MBA
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Diploma in Pharmacy
(2 Year) (12th Bio/Math's)
For Year 2025-26
D फार्मेसी
(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)


## कार्यालय नगरपालिका परिषद आमला जिला बैतूल (म.प्र.)

E-mail ID: cmoamla@mpurban.gov.in Office Ph.No-07147-285752

क्रमांक/लो.नि.शा./ई-निविदा/2025/937 आमला, दिनांक- 18/08/2025

**//ई - निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_445036 Dt:18-08-2025 | Construction of various work in different wards, R.C.C.drain, C.C.Road and Janpad square beautification, divider/street lighting, CMO house, HPC pipe culvert construction work, under CM Infrastructure Development Scheme (IV Phase). at ULB AMLA. | 1-12 Month 2-Rs.2,23,71,507/- | 1-Rs.15,000/- 2-Rs.1,12,000/- | Dt:20-09-2025 Time: 17:30 pm |

नोट : - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा। उक्त निविदा सूचना निकाय की वेबसाईट http://npamla.com/ पर भी देखी जा सकती है।

(श्री नितिन गाडरे), अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद आमला | (श्री किशोर माथनकर), उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद आमला | मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आमला